मदद के लिए हर किसी ने बढ़ाया हाथ

गौरीगंज महिला थानाध्यक्ष को मास्क व सैनिटाइजर सौंपते आरजीआइपीटी सदस्य ●जागरण

जागरण टीम, अमेठी : आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंदों की मदद के लिए हर किसी ने अपना हाथ बढ़ाया है। राशन के साथ ही बचाव के सामान भी लोगों को वितरित किए जा रहे हैं। आरजीआईपीटी ने पुलिस, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के लोगों को मास्क व सैनिटाइजर वितरित किया।

लोक निर्माण विभाग की ओर से 50 लोगों के लिए राहत सामग्री और लंच पैकेट सती महारानी ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं को सौंपा। भाजपा लोकसभा संयोजक राजेश अग्रहरि ने संग्रामपुर व भादर में लोगो को राहत सामग्री वितरित की।

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान ने स्वास्थ्य व पुलिस कर्मियों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर उपलब्ध कराया। साथ ही आम लोगों के बीच कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कोरोना योद्धाओं को पोस्टर भी उपलब्ध कराये गये। 45 लीटर हैंड सैनिटाइजर एवं 800 मास्क उपलब्ध कराते हुए निदेशक आचार्य अखौरी सुधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि आरजीआइपीटी एक संवेदनशील शैक्षणिक संस्थान है और हमारा संस्थान इस राष्ट्रीय आपदा के समय क्षेत्र की जनता के मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान के अधिष्ठाता डा. उमाप्रसन्न ओझा, कुल सचिव जितेन्द्र प्रसाद, सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा एवं अंकित पचौरी आदि भी उपस्थित थे।